an>

Title: Need to revive the industries in Sant Kabir Nagar in Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): उपाध्यक्ष महोदय, पूर्वी उत्तर प्रदेश का संत कबीर नगर जनपद विगत 20 वर्षों से औद्योगिक क्षेत्र घोषित है। यह खेद का विÂषय है कि पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद भी अब तक वहाँ न स्थानीय सरकारों ने और न ही वहाँ की नौकरशाही से संबंधित लोगों ने उस पर कोई ध्यान दिया है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि संत कबीर नगर जनपद में वहाँ के कच्चे सामान पर आधारित उद्योग जैसे हौजरी उद्योग, कांसे का बर्तन उद्योग, हर्बल से संबंधित हल्दी उद्योग आदि उद्योगों में अपार संभावनाएं हैं, जिनसे बेरोजगारी को दूर कर के रोजगार सृजन किया जा सकता है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में खैलाबाद नामक स्थान पहले से औद्योगिक क्षेत्र घोषित है। वहाँ उसकी भूमि भी चिन्हित है। वहाँ पर सरकार विशेÂष अभियान चलाकर कार्य कर रही है। पहचान योजना के अंतर्गत आदरणीया स्मृति ईरानी जी ने वहाँ पर हमें एक सेंटर भी दिया है। इसके लिए मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र को बधाई देना चाहूँगा।

मेरा यह निवेदन है कि सरकार यदि पूर्वी उत्तर प्रदेश के उस भाग पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी, तो बहुत से बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा और उस क्षेत्र का विकास भी होगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Lakhan Lal Sahu are permitted to associate with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.